

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 77 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 15 जुलाई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

नगर पालिका परिषद में शायद षडयंत्र हो रहे है ?

शासन की महत्वाकांक्षी एवं कल्याणकारी योजनाओं से वंचित कर सरकार को बदनाम करने का हो रहा है खेल

इस कांग्रेसी अध्यक्षीय परिषद का अनुभव बहुत बुरा है

लाड़ली बहना
सिवनी नपा की मंशा ठीक नहीं

सिवनी यशोः- नगर पालिका परिषद सिवनी व्यापक अनियमित्ताओं और व्यापक भ्रष्टाचार में डूबी है आम जनता बुरी तरह से परेशान हो रही है नगर के इतिहास में इससे अधिक तानाशाह नगर सरकार कभी रही नहीं होगी । अनियमित्ताओं एवं भ्रष्टाचार के साथ जिस तरह से मनमानी यहाँ की जा रही है उससे केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी एवं कल्याणकारी योजनाएँ दम तोड़ रही है । इस परिषद की कार्यप्रणाली के चंद महिनों में ही जिस अशिष्टता का परिचय दिया है वह आम जनता के लिये बेहद कष्टकारी साबित हो रहा है । कांग्रेसी अध्यक्षीय परिषद की कारगुजारियों से जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजकुमार खुराना भी संतुष्ट नहीं है जो पिछले दिनों वायरल हुआ वीडियो भी स्पष्ट कर रहा है । यहाँ नियम कानून और मानवीय मूल्यों की बाते सब बेकार साबित हो रही है । मु यमंत्री कन्या विवाह जैसी योजना के आयोजन में सरकार को बदनाम करने का काम किया गया तो मु यमंत्री जी की लाड़ली बहना योजना के तहत अनके पात्र हितग्राहियों को केवल दुर्भावनावस लाभ लेने से वंचित रखा गया । इतना बड़ा षडयंत्र इस नगर पालिका परिषद में हो रहा है और नगर पालिका में विरोधी दल प्रदेश और केन्द्र की सरकार में सत्तारूढ़ भाजपा के पार्षद और भारतीय जनता पार्टी इस बात को समझने में नाकाम साबित हो रही है ।

सिवनी नगर पालिका परिषद के भ्रष्टाचार के संबंध में चर्चा सार्वजनिक है इसके साथ ही केन्द्र सरकार एवं प्रदेश की सरकार को बदनाम करने के लिये हितग्राहियों को परेशान किया जा रहा है उन्हें योजना से वंचित रखने के लिये षडयंत्र हो रहे है और कुछ लोगों के साथ दुर्भावना के कारण उन्हें योजना से वंचित करने शासकीय जानकारियों में छेडछाड़ की जा रही है । वर्तमान कांग्रेसी अध्यक्षीय परिषद का यह कार्यकाल षडयंत्रों का कार्यकाल ही रहेगा और यह प्रमाणित भी होने में समय नहीं लगेगा ।

जानकारी के अनुसार सिवनी नगर पालिका परिषद ने मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अति महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की है इस योजना के लिये समग्र आई डी बेहद आवश्यक है परंतु समग्र आई ड़ी की जानकारी पोर्टल में गलत दर्ज होना बता कर अनेक हितग्राहियों को योजना से वंचित रखा गया है । समग्र आई डी से कुछ समय पूर्व तक सही जानकारी निकल रही थी परंतु कांग्रेसी अध्यक्षीय परिषद के बैठते ही समग्र पोर्टल की जानकारी गलत दिखा रही है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस पोर्टल से जानबूझकर छेड़छाड की गयी है । आश्चर्य तो इस बात है कि पोर्टल से जानकाी संबंधी प्रिंट निकालने पर हिन्दी में जानकारी सही दर्ज दिखाई जा रही है जबकि उसीका अंग्रेजी रूपांतरण नाम बदलकर आ रहा है और इस प्रकार की समग्र आई डी केवाईसी के लिये स्वीकार नहीं की जा रही है ।

मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लाभ से वंचित रहने के साथ ही अनेक हितग्राही अन्य काम के लिये भी इसका उपयोग करते है जिसके कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । उच्चाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से जनापेक्ष है कि इस प्रकार के कारणों की जाँच कराकर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये एवं इस बात को भी स्पष्ट किया जाये कि नगर पालिका में यह सब योजनाबद्ध तरीके से तो नहीं किया गया है ।

प्रदेश के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता 42 प्रतिशत : मु यमंत्री ने किया एलान

भोपाल - चुनाव के ठीक पहले प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र कर्मियों के समान महंगाई भत्ता दिया जाएगा। केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता देती है यही मंहगाई भत्ता प्रदेश के कर्मचारियों को दिया जायेगा । बढा हुआ मंहगाई भत्ता जुलाई के वेतन में अगस्त माह में प्राप्त होगा । सीएम ने बताया कि जनवरी से जून तक महंगाई भत्ते का एरियर 3 समान किस्तों में दिया जायेगा। वहीं 1 जुलाई 2023 तक 35 वर्ष तक अपनी सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान मिलेगा।

सीएम ने कहा कि मैंने दिनांक 23 जून, 2023 को यह घोषणा की थी कि राज्य के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता हम केंद्र के कर्मचारियों के बराबर करने जा रहे हैं। इसी के तहत राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि शासकीय सेवकों को केंद्र के समान 42त्न महंगाई भत्ता माह जनवरी, 2023 के वेतन से देय होगा। जनवरी, 2023 से माह जून, 2023 तक का एरियर 3 समान किश्तों दिया जाएगा। वहीं आगे कहा कि 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता जुलाई माह के वेतन में जोड़कर दिया जाएगा, जो कि माह अगस्त में दिया जाएगा।

विद्यार्थियों को अंकसूची प्राप्त कराने जनभागीदारी अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय को लिखा पत्र

सिवनी यशोः- सिवनी पालीटेक्निक महाविद्यालय में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडे ने छात्रों को अंकसूची प्राप्त नहीं होने की समस्या का निराकरण करने के लिये राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय के कुल सचिव को पत्र लिखा है इस पत्र में श्री पांडे ने लिखा है कि अनेक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से अंकसूची प्राप्त नहीं होने की जानकारी प्राप्त हो रही है जिसके अनुसार एम एससी प्रथम सेमेस्टर 2019 -20 एवं एम एससी 2020 -21 तथा 2021 - 22 के प्रवेशित छात्रो को किसी भी सेमेस्टर की अंक सूची प्राप्त नहीं हुई है इसके साथ ही विश्वविद्यालय की तील अलग अलग साइटों पर शिकायत और समस्या के लिये जाना पड़ता है । जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री पांडे ने विश्वविद्यालय से शीघ्र सुधार की अपेक्षा व्यक्त की है ।

आईटीआई में प्रवेश हेतु 21 जुलाई तक करें आवेदन

सिवनी यशोः- प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि आईटीआई सिवनी में 14 जुलाई से 21 जुलाई 23 तक प्रवेश प्रक्रिया पुनः प्रारंभ हो गई है। प्रवेश हेतु इच्छुक अ यर्थी उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में कार्यालयीन दिवस में स पर्क कर सकते हैं।

पांच घंटे में 6 इंच से अधिक बारिश, कई वार्डों में निर्मित हुई जल भराव की स्थिति

बरघाट यशोः- शुक्रवार 14 जुलाई को बरघाट क्षेत्र में पांच घंटे में 6 इंच से अधिक बारिश हुई, जहां क्षेत्र के किसानो के चेहरों में खुशी व्याप्त है, वहीं इस भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बरघाट नगर में अनेक स्थानों में जलभराव की स्थिति हुई, जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष, नगर परिषद सीएमओ एवं वार्ड के पार्षदों ने नगर परिषद कर्मचारियों के साथ मिलकर पानी निकासी की व्यवस्था बनायी?है।

पुराने नाले-नाली बंद होने से हो रही है परेशानी - बताया जाता है पिछले कुछ वर्षों मे नगर मे अनेक अवैध मकान ने शे के विपरित बने गये है, जिसके कारण नगर के पानी की निकासी ठीक तरीके से नहीं हो रही है, वही कई पुरानी नाली और नालों को मकान मालिक ने अपनी सहुलियत के हिसाब से बंद कर दिया है, या उसके निकासी मार्ग को बदल दिया है, वही पिछले पांच साल पहले नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने दौरान कई नालियां क्षतिग्रस्त हो गई थी जिस्की मर मत नहीं करवाई गई, वही वार्ड क्रमांक 13-14 में कान्हीवाडा मार्ग के निर्माण के दौरान नालियां क्षतिग्रस्त हो गई है, इस कारण इन वार्डो में अधिक बारिश होने पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है.

मंडी नाले में आई बाढ़ – बरघाट के समीपस्थ ग्राम मंडी के नाले में आज करीब 1 बजे से हो रही बारिश के कारण बाढ़ आ गई, जिसके चलते नागरिक परेशान होते नजर आए एवं जान जोखिम में डालकर नाले को पार करते रहे।

पिछले कार्यकाल में नालियों की मर मत ना किए जाने के कारण अधिकांश नालियां जर्जर अवस्था में पहुंच गई है, हमारे द्वारा लगभग तीन - चार करोड़ की नालियों के प्रस्ताव स्वीकृत कराए जा चुके हैं, जिनका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है।

श्रीमती इमरता साहू
अध्यक्ष नगर परिषद बरघाट

क्षेत्र में कहीं भी जलभराव से किसी प्रकार की हानि के समाचार प्राप्त नहीं हुए हैं, भारी वर्षा को देखते स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

अमित रिनाहीते
तहसीलदार बरघाट

लगातार हो रही बारिश से मकान की छत गिरी

छपारा यशोः- नगर में हो रही लगातार बारिश से जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित है,बारिश के कारण छपारा नगर परिषद के वार्डो की सड़कों पर जलभराव हो रहा। वार्ड वासी भी जलभराव से परेशान नज़र आ रहे और अपनी समस्या छपारा नगर परिषद के अधिकारियो व कर्मचारियों को बता रहे है जिससे उनकी समस्या का उचित समाधान हो सके । जिन मोहल्लों में पानी भरा हुआ है वहां लगातार बारिश ने दिक्कत और अधिक खड़ी कर दी है। मोहल्लों का पानी निकल नहीं पाया है और बारिश से हालात और भी खराब हो रहे हैं।

छपारा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में रहने वाले सोमनाथ अवधिया के कच्चे मकान की छत भी लगातार हो रही बारिश की भेट चढ़ गई, उनके मकान की छत गिर गई, गनीमत रही की कोई जन हानि नहीं हुई, लेकिन छत के निचे रखा समान का नुकसान हो गया, मकान की छत गिरने से शार्ट सर्किट की वजह से घर की बिजली लाइन ख़राब हो गई, साथ ही टीवी व सिलाई मशीन की मोटर सहित अन्य समाग्री ख़राब हो गई, सोमनाथ अवधिया ने शासन प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है.

विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा 15 जुलाई को ग्राम फुलारा में नेत्र शिविर का आयोजन

सिवनी यशोः- शनिवार, दिनांक 15/07/2023 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन ग्राम फुलारा में किया जावेगा। सांई नेत्रा आई केयर संस्थान सिवनी एवं सक्षम भारत संस्था दादा वीरेंद्र पुरी आई हास्पिटल जबलपुर के माध्यम से विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा विधानसभा क्षेत्र सिवनी के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में नेत्र रोगियों के उपचार हेतु आयोजित निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के अंतर्गत कल 15 जुलाई प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक शिविर ग्राम फुलारा के पंचायत भवन में आयोजित किया गया है। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डा. योगेन्द्र पटेल द्वारा नेत्र रोगियों की जांच की जावेगी। शिविर में आने वाले नेत्र रोगियों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाना अनिवार्य है। उक्त शिविर में नेत्र रोगियों से अधिक से अधिक सं या मे पहुंचकर लाभ लेने का आग्रह है।

सीताफल, आम एवं नींबू के बगीचे लगाने हेतु उदयानिकी विभाग में आवेदन करें किसान

सिवनी यशोः- सहायक संचालक उद्यान डॉ आशा उपवंशी-वासेवार द्वारा जानकारी दी गई कि संचालनालय उदयानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा सिवनी जिले में सीताफल, आम एवं नींबू के बगीचे लगाये जाने हेतु राज्य योजना अंतर्गत कुल 277 हे टेयर, जिसमें सीताफल हेतु 123.00 हे टेयर. आम हेतु 128 है टेयर एवं नि बू हेतु 26 हे टेयर का लक्ष्य जारी किया गया है। जिसमें सामान्य मद के किसानों के लिए 170.000 हे टेयर., अनुसूचित जनजाति मद के किसानें के लिए 85.000 हे टेयर एवं अनुसूचित जाति मद के किसानें के लिए 22.000 हे टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

योजना प्रावधान अनुसार पात्र हितग्राहियों को तीन वर्षो में 30000/- रूपये प्रति हे टेयर अनुदान दिया जायेगा। रोपण पश्चात प्रथम वर्ष में पौध उत्तर जीवितता प्रतिशत 75त्न होने पर 18000/- रूपये, द्वितीय वर्ष में पौध उत्तर जीवितता प्रतिशत 90 प्रतिशत होने पर 6000/- रूपये एवं तृतीय वर्ष में पौध उत्तर जीवितता प्रतिशत 100त्न होने पर 6000/- रूपये अनुदान देय होगा।

उपरोक्त योजना का लाभ लेने हेतु कृषक उदयानिकी विभाग के ऑनलाईन पंजीयन पोर्टल http://mpfsts.mp.gov.in में जाकर आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते है। योजनान्तर्गत प्रति कृषक न्यूनतम 0.250 हे टे. एवं अधितम 4.000 हे टे. तक पौध रोपण का लाभ ले सकते है। योजना की अधिक जानकारी के लिए विकासखण्ड स्तर पर कार्यालय वरिष्ठ उदयान विकास अधिकारी अथवा जिला स्तर पर कार्यालय सहायक संचालक उदयान जिला सिवनी से कार्यालयीन समय में स पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

नहरों के सीमेंटी लाइनिंगकरण हेतु 194 करोड़ रूपये स्वीकृत

केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह के रहे सफल प्रयास :40 प्रतिशत पानी का अपव्यय रूकेगा मु यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री का माना आभार

सिवनी यशोः- संजय सरोबर भीमगढ़ बांध की जर्जर हो चुकी नहरों के कारण सिचाई के लिये दिये जाने वाले जल का 40 प्रतिशत अपव्यय होता था और हेड से टेल तक पानी पहुँचना संभव नही हो पाता था सिंचाई के समय किसानों का गुस्सा प्रदर्शन में बदलते रहा है किसानों की समस्या को दूर करने के लिये केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह केवलारी विधायक बनने के साथ ही इस समस्या के निराकरण के लिये लगातार प्रयासरत रहे । प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय जल शक्ति नियोजन राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने उनकी समस्या का निराकरण करते हुये केवलारी विधानसभा की सभी मेजर और माइनर नहरों का सीमेंट लाइनिंगकरण के लिये 194 करोड़ की राशि स्वीकृत की है । इसके साथ ही संजय सरोबर बांध की बालाघाट जिले की नहरों के लिये भी राशि स्वीकृत की गयी है ।

यहाँ बता दें कि 40 वर्ष पूर्व निर्मित हुई संजय सरोवर भीमगढ़ बांध की नहरे जीर्ण शीर्ण होकर अस्त व्यस्त हो गयी है । वर्तमान स्थिति में सभी नहरें बेहद खराब अवस्था में है । इन सभी मेजर एवं माइनर नहरों का सीमेंट लाइनिंगकरण हेतु केंद्रीय जल आयोग से 194 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैं। पिछले कुछ वर्षो से केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह सभी मेजर एवं माइनर नहरों के सीमेंट लाइनिंगकरण के कार्य हेतु प्रयासरत थे। उनके प्रयासों को प्रदेश के यशस्वी मु यमंत्री के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रोजे ट को स्वीकृत कर दिल्ली पहुँचाया गया था जिसे केंद्रीय जल आयोग की टेंी नकल एडवाइजरी कमेटी दिल्ली द्वारा सिवनी एवं बालाघाट की सभी मेजर एवं माइनर नहरों के सीमेंट लाइनिंकरण कार्य की 332 करोड़ रुपये कार्य प्रोजे ट की कमेटी द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई गए हैं। संजय सरोवर बांध भीमगढ़ की केवलारी विधानसभा क्षेत्र आने वाली सभी मेजर एवं माइनर नहरों का सीमेंट लाइनिगकरण का कार्य194 करोड़ की लागत से होगा।शेष राशि से बालाघाट जिले की मेजर एवं माइनर नहरों का सीमेंट लाइनिगकरण का कार्य । केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह जी एवं केवलारी विधानसभा क्षेत्र के किसान भाइयों ने किसान हितैषी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल का आभार व्यक्त किया है। नेहरो के सीमेंट लाइनिंगकरण होने से हेड से लेकर टेल तक के किसान भाइयों को आसानी से फसलों की सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध हो सकेगा। 40 प्रतिशत नहरों के पानी का अपव्यय रुकेगा।

दैनिक यशोन्नति की खबरों के लिये एप डाउनलोड करें https://dainikyashonnati.com

जबरन नॉलेज

इनकी सत्ता का भी आनंद लो -----काका हा हा हा

भोला बरमैया मछुआ सहकारी समिति के अध्यक्ष निर्वाचित

कान्हीवाड़ा यशोः- मांझी मछुआ सहकारी समिति कान्हीवाड़ा के गत दिवस हुए पंचवर्षीय चुनाव में मांझी मछुआ प्रकोष्ट भाजपा के पूर्व जिला संयोजक,पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा के पूर्व पंच भोला प्रसाद बरमैया को समिति संचालकों के सभी सदस्यों संतोष बरमैया ,राजू बरमैया(उपाध्यक्ष) दिनेश बरमैया, संतोष बरमैया,सुरेश बरमैया ,बलराम बरमैया, कृष्णा बाई .संध्या बाई बरमैया (उपाध्यक्ष) ने आम सहमति से निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया। भोला प्रसाद बरमैया इसके पहले भी एक बार पूर्व में मछुआ सहकारी समिति के अध्यक्ष रह चुके है और अपने कार्यकाल में अपने मछुआरा साथियों के व्यवसाय के लिए मछली बाजार शेड भी बनवाया तथा सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं।

श्री बरमैया के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर उनके इष्ट मित्र ,शुभचिंतको ने हार्दिक बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनके राजनैतिक उज्वल भविष्य की कामना की है।

विभिन्न समाज की प्रगति से ही प्रदेश और देश की प्रगति संभव

प्रदेश में बनेगा जय मीनेश कल्याण बोर्ड-मुख्यमंत्री चौहान

मुख्यमंत्री निवास में हुआ मीना समाज का राज्य स्तरीय सम्मेलन

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसी भी समाज की प्रगति से प्रदेश और देश की प्रगति भी स्वमेव होती है। इस नाते प्रत्येक समाज को प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति करने के लिए सजग और सक्रिय रहना आवश्यक है। मध्यप्रदेश सरकार मीना समाज को विभिन्न क्षेत्र में उन्नति के अवसर उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मुख्यमंत्री निवास में मीना समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री चौहान की घोषणाएँ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर कहा कि मीना समाज के लिए जय मीनेश कल्याण बोर्ड बनाया जाएगा। इस बोर्ड में अध्यक्ष सहित चार सदस्य होंगे। अध्यक्ष को मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। मध्यप्रदेश की ओबीसी सूची में आवश्यक संशोधन करेंगे। भोपाल में समाज के निर्माणाधीन छात्रावास भवन का निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा। भगवान मीनेश की जयंती पर ऐच्छिक अवकाश होगा। मुख्यमत्री श्री चौहान ने कहा कि टीआर आई रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जाएगी, जिससे आवश्यक निर्णय हो। मीना समाज को आवश्यक प्रतिनिधित्व भी दिया जाएगा।

समाज के युवा विभिन्न क्षेत्र में सुविधाओं का लाभ लें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मीना समाज को शिक्षा, कृषि, व्यवसाय, तकनीकी प्रशिक्षण और स्व-रोजगार के क्षेत्र में आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। आज सिर्फ कृषि कार्य पर निर्भर होकर आसानी से जीविका नहीं चलाई जा सकती। डेयरी व्यवसाय, सब्जी उत्पादन, फलोत्पादन आदि से आय बढ़ाना आवश्यक है। युवाओं का रूझान व्यवसाय और उद्योगों की ओर बढ़ना चाहिए। राज्य शासन ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति के माध्यम से युवाओं को 50 लाख रुपए तक की राशि औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया है। इसके लिए ब्याज में छूट और शासन की गारंटी का लाभ भी मिलता है। कक्षा 12 उत्तीर्ण और स्नातक उपाधि प्राप्त करने वाले युवाओं को सीखो-कमाओ योजना में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा दी जा रही है। इन युवाओं को हुनर सीखने के साथ ही शिष्यवृत्ति भी दी जाएगी।

किसानों को दी गई हैं अधिकाधिक सुविधाएँ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसान-कल्याण योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में छोटे और सीमांत किसानों को प्रतिमाह राशि प्राप्त हो रही है। मीना समाज सहित अन्य समाज बंधुओं को भी इसका लाभ मिल रहा है। कृषि कार्य से जुड़े लोगों को पहले लिए गए ऋण के ब्याज से राहत देने का कार्य भी किया गया है। यही नहीं सिंचाई क्षेत्र बढ़ने से कृषि कार्य को फायदे का धन्धा बनाने का ठोस कार्य मध्यप्रदेश में हुआ है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रावधानों में संशोधन कर ट्रैक्टर रखने वाले परिवारों को भी लाभान्वित करने की पहल की गई है। यह सभी योजनाएँ निम्न - मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए लाभकारी हैं। राज्य शासन द्वारा एक लाख सरकारी नौकरियाँ देने का लक्ष्य पूर्ण होने पर 50 हजार नई भर्तियों की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रारंभ में भगवान श्री मीनेश की पालकी सिर पर रखकर उसे मंच पर विराजमान किया। सम्मेलन का शुभारंभ कन्या-पूजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। समाज बंधुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनन्दन किया गया। समाज के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश श्री लालाराम मीना, पूर्व मंत्री श्री सूर्यप्रकाश मीना, श्रीमती ममता मीना, पूर्व विधायक चाचौड़ा श्री जवाहर सिंह मीना, श्री जसवंत मीना, श्री रणवीर रावत, श्री गनपत मीना, श्री संतोष मीना, जनपद अध्यक्ष भेरूंदा की श्रीमती मंजू पटेल, श्री रामसिंह मीना एवं अन्य प्रतिनिधि और जिलों से आए समाज बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रारंभ में समाज की ओर से मुख्यमंत्री श्री चौहान को सुझाव पत्र सौंपा गया। सम्मेलन को पूर्व मंत्री श्री सूर्यप्रकाश मीना ने भी संबोधित किया।

सामाजिक समरसता के लिए समर्पित गुरुजी का जीवन



लोकेन्द्र सिंह-

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्रद्धेय माधव सदाशिवराव गोलवलकर जी का जीवन हिन्दू समाज के संगठन, उसके प्रबोधन एवं सामाजिक-जातिगत विषमताओं को समाप्त करके एकरस समाज के निर्माण के लिए समर्पित रहा.

जातिगत ऊँच-नीच एवं अस्पृश्यता को समाप्त करने की दिशा में श्रीगुरुजी के प्रयासों से एक बड़ा और उल्लेखनीय कार्य हुआ, जब 13-14 दिसंबर, 1969 को उडुपी में आयोजित धर्म संसद में देश के प्रमुख संत-महात्माओं ने एकसुर में समरसता मंत्र का उद्घोष किया —

"हिन्दव÷ सोदरा÷ सर्वे, न हिन्दू÷ पतितो भवेत.
मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्र÷ समानता.."

अर्थात् सभी हिन्दू सहोदर (एक ही माँ के उदर से जन्मे) हैं, कोई हिन्दू नीच या पतित नहीं हो सकता. हिन्दुओं की रक्षा मेरी दीक्षा है, समानता यही मेरा मंत्र है. श्रीगुरुजी को विश्वास था कि देश के प्रमुख धर्माचार्य यदि समाज से आह्वान करेंगे कि अस्पृश्यता के लिए हिन्दू धर्म में कोई स्थान नहीं है, इसलिए हमें सबके साथ समानता का व्यवहार रखना चाहिए, तब जनसामान्य इस बात को सहजता के साथ स्वीकार कर लेगा और सामाजिक समरसता की दिशा में बड़ा कार्य सिद्ध हो जाएगा. इस धर्म संसद में श्रीगुरुजी के आग्रह पर सभी संतों ने सर्वसम्मति से सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया. श्रीगुरुजी ने अपनी भूमिका को यहीं तक सीमित नहीं रखा, अपितु अब उन्होंने विचार किया कि यह शुभ संदेश लोगों तक कैसे पहुँचे, क्योंकि उस समय आज की भाँति मीडिया की पहुँच जन-जन तक नहीं थी.

सामाजिक समरसता के इस अमृत को जनसामान्य तक पहुँचाने के लिए श्रीगुरुजी ने 14 जनवरी, 1970 को संघ के स्वयंसेवकों के नाम एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कार्यकर्ताओं की अपेक्षा से कई गुना अधिक सफल आयोजन हुआ. मानो हिन्दू समाज की एकता एवं परिवर्तन के लिए शंख फूंक दिया गया हो. परंतु हमें इससे आत्मसंतुष्ट होकर बैठना नहीं है.

अस्पृश्यता के अभिशाप को मिटाने में हमारे सभी पंथों के आचार्य, धर्मगुरु और मठाधिपतियों ने अपना समर्थन दिया है. परंतु प्रस्ताव को प्रत्यक्ष आचरण में उतारने के लिए केवल पवित्र शब्द काफी नहीं हैं. सदियों की कुरीतियां केवल शब्द और सद्भावना से नहीं मिटती. इसके लिए अथक परिश्रम और योग्य प्रचार करना पड़ेगा.

नगर-नगर, गाँव-गाँव, घर-घर में जाकर लोगों को बताना पड़ेगा कि अस्पृश्यता को नष्ट करने का निर्णय हो चुका है. और यह केवल आधुनिकता के दबाव में नहीं, बल्कि हृदय से हुआ परिवर्तन है. भूतकाल में हमने जो गलतियां की हैं, उसे सुधारने के लिए अंतःकरण से इस परिवर्तन को स्वीकार कीजिए.

श्रीगुरुजी के इस पत्र से हम समझ सकते हैं कि अस्पृश्यता को समाप्त करने और हिन्दू समाज में एकात्मता का वातावरण बनाने के लिए उनका संकल्प कैसा था? धर्माचार्यों से जो घोषणा उन्होंने करायी, वह समाज तक पहुँचे, इसकी भी चिंता उन्होंने की. संघ की शाखा पर सामाजिक समरसता को जीने वाले लाखों स्वयंसेवक सरसंघचालक के आह्वान पर 'हिन्दव÷ सोदरा÷ सर्वे' के मंत्र को लेकर समाज के सब लोगों के बीच गए.

इसी धर्म संसद का एक और मार्मिक एवं प्रेरक संस्मरण है. तथाकथित अस्पृश्य जाति से आने वाले सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आर. भरनैय्या की अध्यक्षता में ही 'हिन्दव÷ सोदरा÷ सर्वे' का प्रस्ताव पारित हुआ. प्रस्ताव को लेकर कई प्रतिभागियों ने अपने विचार भी व्यक्त किए. जैसे ही कार्यक्रम समाप्त हुआ, मंच से उतरते ही भरनैय्या भाव-विभोर होकर श्रीगुरुजी के गले लग गए. उनकी आँखों से आँसू निकल रहे थे.

वे गदगद होकर बोले ङ्क आप हमारी सहायता के लिए दौड़ पड़े. इस उदात्त कार्य को आपने हाथ में लिया है, आप हमारे पीछे खड़े हो गए यह आपका श्रेष्ठ भाव है.

हिन्दुओं को जातीय भेदभाव के आधार पर एक-दूसरे के विरुद्ध खड़ा करने और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को बदनाम करने के प्रयास भारत विरोधी विचारधाराएं प्रारंभ से करती आई हैं. श्रीगुरुजी ने 1 जनवरी, 1969 को दैनिक समाचारपत्र 'नवाकाल' के संपादक को एक साक्षात्कार दिया, जिसमें जाति-व्यवस्था को लेकर दिए गए उनके उत्तरों को तोड़-मरोड़ कर प्रकाशित किया गया. जिन शब्दों का उपयोग श्रीगुरुजी ने किया नहीं, ऐसे भ्रम पैदा करने वाले शब्दों को संपादक ने गुरुजी के उत्तरों में शामिल कर लिया. उसके आधार पर कुछ राजनेताओं ने संघ की छवि खराब करने और समाज में जातीय वैमनस्यता को बढ़ावा देने का प्रयास किया.

तब श्रीगुरुजी ने इस संबंध में एर्नाकुलम से ही 4 फरवरी, 1969 को स्पष्ट किया ङ्क ÷शहरों से लेकर ग्रामीण भागों तक और गिरि-कंदराओं से लेकर मैदानों तक फैले हुए हिन्दू समाज के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति जाति-पाति, गरीबी, अमीरी, साक्षर, निरक्षर, विद्वान आदि का विचार न करते हुए सबको एकत्र लाना, यही संघ का कार्य है. इस उद्देश्य को व्याघात पहुँचाने वाली कोई भी बात मुझे कभी पसंद नहीं आ सकती. प्रगतिशीलपन की भाषा बोलने वाले राजनीतिज्ञ केवल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए समाज में भय पैदा करने वाले कार्य कर रहे हैं÷.

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर इस प्रकार का दुष्प्रचार क्यों किया जाता है, इसका उत्तर श्रीगुरुजी ने 8 मार्च, 1969 को ऑर्गेनाइजर को दिए साक्षात्कार में दिया है. उनसे पूछा गया कि जातिगत व्यवस्था विषयक आपके कथित मत के विषय में विगत कुछ दिनों से काफी हंगामा हो रहा है. लगता है, उस विषय में कुछ भ्रांति है.

श्रीगुरुजी ने स्पष्टता के साथ कहा ङ्क ÷भ्रांति जैसी कोई बात नहीं है. कुछ लोग ऐसे हैं, जो मेरे प्रत्येक कथन को तोड़-मरोड़कर रखते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि देश को मटियामेट करने के उनके षड्यंत्रों में एकमेव संघ ही बाधक है÷.

श्रीगुरुजी का यह कथन शत-प्रतिशत सत्य है.

आज भी भारत एवं हिन्दू विरोधी ताकतों के निशाने पर संघ ही रहता है, क्योंकि उन्हें पता है कि संघ हिन्दुओं का प्रमुख संगठन है, संघ को कमजोर या बदनाम किए बिना वे अपनी साजिशों में सफल नहीं हो सकते. इसलिए तथ्यहीन बातों को आधार बनाकर संघ के बारे में दुष्प्रचार फैलाना कई नेताओं एवं तथाकथित प्रगतिशील बुद्धिजीवियों ने अपना एकमेव लक्ष्य बना लिया है.

अपने उद्बोधनों एवं कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत संवाद में भी श्रीगुरुजी का यही कहना होता था कि ÷संघ विभिन्न वर्ण एवं उपजातियों में बँटे हिन्दू समाज के अंदर हम सब एक हैं, एक भारत माता के पुत्र हिन्दू हैं, सब समान हैं कोई ऊँचा नहीं, यह भाव उत्पन्न कर एकरस, एकजीव हिन्दू समाज बनाने के काम में लगा है.

यह एकरस, एकजीव हिन्दू समाज का निर्माण कर पाए तो हमने इस जीवन में सफलता पायी, ऐसा कह सकेंगे÷. श्रीगुरुजी का यह विचार एवं आह्वान आरएसएस के सभी स्वयंसेवकों का ध्येय है.

मध्य प्रदेश के 19 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

भोपाल। मध्य प्रदेश में इस बार बारिश जमकर हो रही है। प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के 19 जिलों में अगले 24 घंटे में झमाझम बारिश होने के आसार हैं। बता दें कि आज सुबह से ही कई जिलों में झमाझम बारिश हो रही है।

इन जिलों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने कई जिलों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के सीहोर, बैतूल और हरदा में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी है। इसके अलावा इंदौर, उज्जैन, अशोकनगर व नर्मदापुरम जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी है। इसके अलावा छिंदवाड़, विदिशा, रायसेन राजगढ़, बुरहानपुर खंडवा, झाबुआ, धार, रतलाम, देवास,आगर, गुना व शिवपुरी जिलों में भारी से अति भारी बारिश का यलो अलर्ट है। जबकि भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर संभागों के जिलों के साथ प्रदेश के अधिकतर जिलों में रेनफॉल एँ टविटी भी संभावना है। जबकि मौसम विभाग ने वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया है।

दो से तीन दिन जारी रहेगा बारिश का दौर

मौसम विभाग ने बताया कि अभी प्रदेश में अगले दो से तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है, क्योंकि प्रदेश में एक ट्रफ लाइन वेस्ट एमपी से गुजर रही है। जिससे बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम विभाग ने बारिश के चलते लोगों को सावधानी बरतने की सलाह भी दी है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघ के सिर कटे शव प्रकरण में दो आरोपी गिरफ्तार

प्रकरण की विवेचना कर सख्त कार्यवाही करेंगे

भोपाल। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य-प्राणी) ने बताया कि स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और स्थानीय पुलिस के सहयोग से वन्य-प्राणी बाघ के सिर कटे शव के दो आरोपियों को बाघ के अन्य अवयवों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। बैतूल के ग्राम धासई माल तहसील शाहपुर से आरोपी श्री सुबन पिता शंकर भलावी और कमल सिंह पिता श्री ध्यान सिंह कुमरे को गिरफ्तार कर न्यायालय नर्मदापुरम के समक्ष पेश किया गया है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26 जून 2023 को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में बाघ का शव बिना सर के क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया था। जिस पर अज्ञात प्रकरण दर्ज किया गया था। एसटीएफ ने त्वरित कार्रवाई कर मुखबिर तंत्र विकसित कर स्थानीय अमले के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण की विवेचना की जा रही है। सख्त कार्यवाही की जायेगी।

4 मंडी व्यापारी को अर्थ दंड के साथ 3 साल की सजा

भोपाल । व्यापारिक फर्मों द्वारा सांठ-गांठ से फर्जी अनुज्ञा पत्र बनाकर मंडी समिति लश्कर को वर्ष 2000-2001 में राशि रूपए 18 लाख 38 हजार 214 रूपये की आर्थिक क्षति पहुँचाने के प्रकरण में विशेष न्यायालय ई.ओ.डब्ल्यू. ग्वालियर द्वारा 4 मंडी व्यापारी को 3 साल की सजा सुनाई गई है। मंडी कर्मचारी सागरमल गर्ग की मृत्यु होने से उनके विरूद्ध प्रकरण समाप्त किया गया।

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो भोपाल इकाई ग्वालियर द्वारा एस.के. इंटरप्राइजेजग माधुरी ट्रेडिंग कंपनीग बजरंग ट्रेडर्सग महाकाली ट्रेडर्सग डी.एम. ट्रेडर्सग संगम ट्रेडर्स तथा द्वारका गृह उद्योग तथा मंडी समिति के लिपिक श्री सागरमल गर्ग के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर अपराध भा.द.वि. 1860 की धारा 420ग 467ग 468ग 471ग 120बी एवं धारा 12ग 13(1)(डी)ग13(2) भ्र.नि.अ. 1988 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

अपराध सिद्ध पाए जाने पर न्यायालय द्वारा फर्म प्रो. कम्लकिशोर अग्रवाल आयु 61 वर्ष आत्मज श्री गुलाबचंद अग्रवाल तत्कालीन प्रोप्राइटर माधुरी ट्रेडिंग कंपनी एवं द्वारका गृह उद्योग लश्कर ग्वालियर को 3 वर्ष की सजा तथा 60 हजार रूपये के अर्थ दंड से दंडित किया गया। अन्य आरोपी देवेन्द्र सिंह पिता वीरेन्द्र सिंह भदौरिया तत्कालीन प्रोप्राइटर बजरंग ट्रेडर्स लश्कर ग्वालियर को 3 वर्ष की सजा तथा 25 हजार रूपये के अर्थ दंड से दंडित किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन ऐसे करता है काम

छात्रों के हित में आवाज उठाने वाला संगठन
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्

छात्र हित में बात करने के लिए अगर कोई संगठन सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका में अगर कोई संगठन दिखाई देता है तो वह है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद। इसे हम एबीवीपी (ङ्कक्क) के नाम से भी जाना जाता है। यह एक भारतीय छात्र संगठन है जो कि भारत ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र-संगठन है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 1948 में अपनी गतिविधियाँ शुरू कीं और 9 जुलाई, 1949 को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 (पंजीकरण संख्या- एस-385/1949-50) के तहत संयुक्त कर्मचारी कंपनियों के रजिस्ट्रार के साथ एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के रूप में पंजीकृत हुई।

9 जुलाई, 1949 अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की स्थापना की स्थापना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता बलराज मधोक जी की अगुआई में की गयी थी। मुंबई के प्रोफेसर यशवंत केलकर जी इसके मुख्य कार्यवाहक बने। विद्यार्थी परिषद का नारा है ज्ञान, शील और एकता। एबीवीपी न तो कोई ट्रेड यूनियन है और न ही किसी राजनीतिक दल की शाखा या विंग है। यह शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक स्वतंत्र सामाजिक संगठन है। एबीवीपी का लक्ष्य शिक्षा और छात्रों, शिक्षकों और समाज जैसे शैक्षिक समुदाय के दिमाग और विचारों में सकारात्मक और सार्थक बदलाव लाकर अपने उद्देश्य को प्राप्त करना है। संगठन का मानना है कि छात्र कल के नहीं, बल्कि आज के नागरिक हैं। इसलिए वे देश की सामाजिक संरचना में अपेक्षित परिवर्तन ला सकते हैं।

एबीवीपी (ABVP) ने अपने 72 वर्षों की संक्षिप्त अवधि में दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन बनने का गौरव प्राप्त किया है। इसकी गतिविधि का केंद्रबिंदु क्षेत्र कॉलेज और विश्वविद्यालय परिसर है और इसका सीधा सरोकार छात्र हैं। हालाँकि, एबीवीपी एक सामाजिक संगठन के रूप में अपनी व्यापक जिम्मेदारियों के प्रति हमेशा जागरूक है। परिधीय क्षेत्रों में अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए, जो राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के इसके सामान्य उद्देश्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, इसके पास एबीवीपी में नए आयाम जोड़ने वाले कई मंच और मंच हैं। कुछ नाम है÷

स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) (विकासार्थ विद्यार्थी) औपनिवेशिक काल से लेकर वैश्वीकरण के वर्तमान युग तक लागू आर्थिक विकास के गैर-व्यावहारिक मॉडल का विश्लेषण और परीक्षण करने के लिए काम करता है। एसएफडी आर्थिक विकास के भारत-केंद्रित मॉडल को विकसित करने और तैयार करने के लिए लगातार काम कर रहा है।

विश्व छात्र एवं युवा संगठन (WOSY) का गठन 1985 में दुनिया भर के 11000 युवाओं के एक विश्व सम्मेलन के साथ हुआ था, यह ÷वसुधैव कुटुंबकम÷ की उच्च धारणा के साथ काम करता है जिसका अर्थ है ÷पूरी दुनिया एक परिवार है÷।

थिंक इंडिया एक और संगठनात्मक आयाम है जो बौद्धिक क्षेत्र में काम करता है। यह एबीवीपी की एक अनूठी पहल है जो देश के युवा बुद्धिजीवियों को संगठित करती है और उनमें ÷राष्ट्र प्रथम÷ का अनमोल आदर्श और दृष्टिकोण विकसित करती है।

इंटरस्टेट लिविंग में छात्रों का अनुभव (एसईआईएल) एबीवीपी का एक आयाम है जो उत्तर पूर्व के युवाओं को शेष भारत के समाज के साथ एकीकृत करना चाहता है।

युवा विकास केंद्र (वाईवीके) एबीवीपी का एक और आयाम है जो विशेष रूप से उत्तर पूर्वी राज्यों पर केंद्रित है। गुवाहाटी स्थित अपने केंद्र में उत्तर-पूर्वी युवाओं के कौशल विकास में शामिल है।

एबीवीपी (ABVP) समय समय पर छात्रों से जुड़ने और उनके हितों के लिए आवाज उठाता रहता है।

मुख्यमंत्री चौहान द्वारा कर्मचारी चयन मण्डल की समूह-2, उप-समूह-4 और पटवारी भर्ती परीक्षा की नियुक्तियों पर रोक

एक सेन्टर के परीक्षा परिणामों का किया जायेगा पुनः परीक्षण

भोपाल । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा समूह-2, उप समूह-4 एवं पटवारी भर्ती परीक्षा परिणाम के आधार पर की जाने वाली नियुक्तियों पर रोक लगा दी है। परीक्षा के एक सेन्टर के परिणाम पर संदेह की स्थिति में यह निर्णय लिया गया। उस सेन्टर के परीक्षा परिणाम का पुन÷ परीक्षण किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक ट्वीट में यह जानकारी दी।

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा मार्च - अप्रैल 2023 में समूह-2, समूह-4 के लिए एवं पटवारी पद के लिये आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा का परिणाम में 8617 पद की मेरिट सूची 30 जून 2023 को जारी की गई थी। इसके बाद सोशल मीडिया एवं मंडल के अधिकृत ई-मेल पर कुछ बिन्दुओं पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में वस्तु-स्थिति इस प्रकार है—

समूह-2, समूह-4 एवं पटवारी पद के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा 15 मार्च 2023 से 26 अप्रैल 2023 तक आयोजित की गई थी। परीक्षा में अभ्यर्थियों के 1279063 प्रवेश-पत्र जारी किए गए। इनमें से 978270 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त 8617 अभ्यर्थी 78 परीक्षा केन्द्रों से चयनित हुए हैं। प्रसारित खबरों में उल्लेखित एन.आर.आई. कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, ग्वालियर से कुल 114 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं, न कि एक हजार।

टॉप 10 में से 7 अभ्यर्थी ने एन.आर.आई. कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, ग्वालियर से विभिन्न तिथियों में पृथक - पृथक पाली में परीक्षा दी, अर्थात इन समस्त के प्रश्न-पत्र अलग- अलग थे। परीक्षा केंद्र, दिनांक, पाली एवं रोल नम्बर का आवंटन मंडल द्वारा रैंडम प्रक्रिया से किया जाता है।

अपने प्रवेश पत्र में टॉप 10 में से 6 अभ्यर्थियों ने हिंदी में तथा 4 ने अंग्रेजी में हस्ताक्षर किये हैं। परीक्षा की नियमावली में हस्ताक्षर पर भाषा का बंधन नहीं है, परन्तु अभ्यर्थी के हस्ताक्षर स्पष्ट होने पर ही परीक्षा प्रवेश पत्र जारी किया जाता है। टॉप 10 अभ्यर्थी को अंग्रेजी से शन में 25 में से 13 से 23 तक अंक मिले।

अभ्यर्थी द्वारा आवेदन-पत्र भरते समय अपना फोटो अपलोड करना अनिवार्य है। फोटो के आधार पर मंडल किसी की अभ्यर्थिता तभी निरस्त करता है जब फोटो आधा अधूरा/ कटा/ अस्पष्ट / मास्क के साथ, इत्यादि है, जिससे अभ्यर्थी की पहचान करने में कठिनाई हो, अन्यथा नहीं।

अभ्यर्थियों की जाति / संविदा कर्मी / विकलांगता आदि से संबंधित दावे की सत्यता के लिए वे स्वयं ही जिम्मेदार होते हैं। प्रमाण-पत्रों का सत्यापन मंडल स्तर पर नहीं किया जाता है, बल्कि यदि इनका चयन परीक्षा में हो जाता है तो संबंधित विभाग दस्तावेज सत्यापन करता है।

परीक्षा की नियम पुस्तिका अनुसार प्रश्नों पर अभ्यर्थियों से आपत्ति प्राप्त होने पर, विषय-विशेषज्ञों की कुंजी समिति द्वारा पूर्ण परीक्षण कर, प्रश्नों को निरस्त करने या विकल्प परिवर्तन करने की अनुशंसा की जाती है।

कुंजी समिति द्वारा प्रश्नों पर लिया गया निर्णय अंतिम होता है। कुंजी समिति के निर्णय अनुसार ही परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है। मंडल ने निर्धारित प्रक्रिया अनुसार परीक्षा समाप्ति के बाद आदर्श उत्तर कुंजी का प्रकाशन किया। तत्पश्चात परिणाम के साथ अंतिम उत्तर कुंजी (कुंजी समिति की अनुशंसाओं सहित) वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

प्रसारित खबरों में उल्लेख किये गए ÷नर्मदा का उद्गम स्थल कहाँ है÷ संबंधित प्रश्न पर अभ्यर्थियों द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नहीं की गई थी।

किसी भी अभ्यर्थी की उत्तर पुस्तिका केवल वही देख सकता है, जिसके पास अभ्यर्थी के रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र में अंकित विशिष्ट कोड उपलब्ध है, अन्यथा नहीं।

मंडल द्वारा अपनाई जा रही नॉर्मलाईजेशन प्रक्रिया को मा. उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। इस प्रक्रिया का परीक्षण मान. उच्च न्यायालय के आदेश पर आई.आई.एम. इंदौर से कराया गया, जिसमें मा. उच्च न्यायालय ने प्रक्रिया को हस्तक्षेप योग्य नहीं पाया था। नॉर्मलाईजेशन का सूत्र (फार्मूला) मंडल की वेबसाइट एवं रूलबुक में उपलब्ध है।

परीक्षा परिणाम में विज्ञापित पदों के विरुद्ध 20 गुना प्रतीक्षा सूची तैयार की गई है।

मंडल द्वारा आयोजित समस्त परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता एवं शुचितापूर्ण पद्धति से संपन्न कराया जाता है।

रीना की सजगता से बची नित्या की जान

सिवनी यशोः-नित्या 01 वर्ष 01 माह की बालिका है इसके माता पिता खेती का कार्य करते है ये अपने माता पिता (पार्वती काकोडिया-विजय काकोडिया) की इकलौती संतान है। इसके माता पिता एक छोटे से ग्राम खा हा, उप स्वास्थ्य केन्द्र धारपाठा विकासखण्ड लखनादौन जिला सिवनी मे रहते है जिसकी आबादी 460 है। श्रीमति पार्वती विगत 03 माह से अपने मायके मे रह रही थी जिसके कारण उसकी बच्ची को 01 वर्ष का टीका नही लग पाया था आशा लगातार इनके संपर्क मे थी, इसी बीच आशा कार्यकर्ता श्रीमति ओमकारी इनवाती को पता चला की पार्वती आ गई है तब वह उसके घर गई एवं इसकी सूचना अपनी ए.एन.एम. श्रीमति संध्या झारिया एवं सी.एच.ओ. श्रीमति रीना सनोडिया को दी। एवं दिनांक 07.07.2023 को ग्राम मे आयोजित ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस मे उसे बुलाया गया जैसे ही पार्वती बच्ची को लेकर वीएचएनडी आई तो सीएचओं श्रीमति रीना सनोडिया बच्ची को देखते ही समझ गई कि बच्ची स्वस्थ्य नही है तब सीएचओं के द्वारा तुरंत इसका एचबी चैक किया गया तब उसका एचबी 1.1 ग्राम आया जिसे देखकर सभी स्वास्थ्य कर्मचारी सकते मे आ गये तब सीएचओं के द्वारा उसे तुरंत अपने सामने से क्रॉस चैक के लिये धूमा भेजा लेकिन परिजन हॉ बोलकर अपने घर चले गये जब आशा को पता चला की पार्वती धूमा न जाकर अपने घर आ गई है तब उसने ये जानकारी सीएचओ को दी गई तब सीएचओ तत्काल नित्या के घर गई एवं उन्हे बहुत समझाया की बच्ची का एचबी बहुत कम है उसे खतरे से अवगत कराया तथा बताया गया कि आपको सरकारी अस्पताल मे किसी भी प्रकार का कोई खर्च वहन नही करना पडेगा तब परिजन बहुत मुश्किल से माने पूर्व के अनुभव से लाभ लेकर इस बार रीना ने परिजन को दिनांक 10.07.2023 को सामने से उसे धूमा रवाना कराया ग एवं धूमा मे पदस्थ स्टॉफ से बात की तब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धूमा मे बच्ची का सैंपल लिया गया जिसमे बालिका नित्या का एचबी 2.8 ग्राम आया। श्रीमति रीना सनोडिया लगातार धूमा टीम के साथ संपर्क मे थी। श्रीमति रीना ने सूझबूझ का परिचय देते हुये तुरंत 108 को कॉल करवाया एवं बच्ची को सिवनी रिफर कराया। बच्ची जैसे ही सिवनी आई तो सिवनी मे हडताल का माहौल था बच्ची के साथ आये परिजन परेशान हो रहे थे तब श्रीमति रीना सनोडिया के द्वारा डी.सी.एम. श्री संदीप श्रीवास को कॉल किया एवं बताया कि बच्ची बहुत सीरियस है उसका एचबी बहुत कम है उसे तत्काल उपचार की आवश्यकता है तब डी.सी.एम. श्री संदीप श्रीवास के द्वारा पी.आई.सी.यू. मे पदस्थ स्टॉफ एवं ड्यूटी डॉ टर से बात करके बच्ची नित्या को भर्ती कराया एवं उसके परिजनों से मिलकर ब्लड की व्यवस्था की कु.नित्या का 03 दिन उपचार चला जिससे वो पूर्णतः स्वस्थ्य हो गई, बच्ची आज अपने परिजन के बीच मे है एवं स्वस्थ्य है।

इस पूरे मामले मे क युनिटी हेल्थ ऑफिसर श्रीमति रीना सनोडिया के द्वारा सजगता का परिचय देते हुये लगातार नित्या का फॉलोअप लिया गया एवं एक बच्ची की जान बचाने मे अपनी अहम भूमिका निभाई गई। श्रीमति रीना ने बताया कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान हमे एचबीएनसी/एचबीवाईसी/हाई रिस्क चिन्हांकन के बारे मे बताया गया था एवं निर्देशित किया गया था कि हाई रिस्क बच्चे एवं महिलाओं का जब तक पूर्ण रूप से प्रबंधन नही हो जाता उनके संपर्क मे रहना है और वही उसने किया यदि रीना एवं आशा नित्या से लगातार संपर्क मे नही रहती तो अनहोनी हो सकती थी। श्रीमति रीना ने बताया कि उसके प्रयास से किसी बच्ची की जान बची उससे बढकर उसके लिये कुछ नही है। श्रीमति रीना ने धूमा स्वास्थ्य केन्द्र के स्वास्थ्य कर्मी एवं जिला स्तरीय अधिकारियों का भी अभार व्यक्त किया है जिन्होने तत्काल नित्या को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराई।

विधायक जी किसानों को और कब तक झूठ बोलकर बरगलाते रहोगे - .मोहन सिह चंदेल

सिवनी यशोः- सिवनी के विधायक मुनमुन राय द्वारा 11 जुलाई को किसानों के प्रतिनिधि मंडल को नहर की मांग को लेकर मु यमंत्री से मिलवाने को लेकर विगत चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे मोहन सिंह चन्देल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे नौटंकी करार दिया है।

श्री चंदेल ने कहा कि 10 साल विधायकी करने के बाद अब विधायक जी को किसान याद आ रहे है। जबकि चुनाव के पूर्व उन्होने किसानों से बडे-बडे वादे किए थे। मगर उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। विधायक महोदय श्री मुनमुन राय जी ने अपना पहला कार्यकाल कबड्डी और दंगल का चंदा बॉटने में बिता दिया। और जब चुनाव करीब आ गये और उन्हे लगा कि अब जनता बहकावे में नही आएगी तो उन्होने ऐन चुनाव के पहले भाजपा का दामन थाम लिया। और लौगों से कहा कि चूंकि मैं निर्दलीय विधायक था। इसीलिए मेरी नही सुनी गई। अब सरकार है साथ रहूगा और आपके सभी कार्य करूगा।

परंतु देखते ही देखते ये 5 साल भी बीत गये और चुनाव नजदीक आ गये है। अब मुनमुन राय जी को यह चिंता सताने लगी है कि अब तो 5 वर्ष सत्ताधारी दल के विधायक के रूप में भी रह लिया हॅू। अब कौन सा बहाना बताउंगा। इसलिए फिर से उन्होने चुनावी नौटंकी प्रारंभ कर दी है। उसी नौटंकी के प्रथम पार्ट के रूप में किसानों को मु यमंत्री से मिलवाया गया है। अभी हमे नौटंकी के ओर भी पार्ट देखने को मिलेगें।

श्री चंदेल ने आरोप लगाया कि विगत 20 मई जब मु यमंत्री केवलारी आये थे तब उन्होने मंच से घोषणा की थी कि लालमाटी क्षेत्र में सर्वे कराया जायेगा परंतु 2 महिने बीत जाने के बाद भी आज तक विभाग में कोई आदेश नही आया है इतनी सुस्त कार्यप्रणाली के चलते इनसे कोई भी उ मीद करना बेईमानी होगा।

श्री चंदेल ने आशा व्यक्त की है कि जनता मुनमुन राय जी के लटके झटको को अच्छी तरह से समझ चुकी है एवं 2023 के चुनाव में इनकी बिदाई कर देगी।

पेंशन हितग्राही यथाशीघ्र समग्र आईडी की आधार ई-केवायसी कराएं

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार पेंशन योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत लोगों तक पहुंचाने के लिये पेंशन हितग्राहियों की समग्र आईडी से आधार ई-केवायसी कराया जा रहा है। जिससे आधार ई-केवासयी से डुप्?लीकेसी को खत्?म करने और सही व्?यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी।

उपसंचालक सामाजिक न्?याय एवं दिव्?यांगजन सशक्तिकरण द्वार बताया गया कि सिवनी जिले में 113582 पेंशन हितग्राहियों मे से 49182 पेंशन हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी हो चुकी है। 64400 पेंशन हितग्राकियों की आधार ई-केवायसी होना शेष है। अतः इंदिरा गांधी राष्?ट्रीय वृध्?दावस्?था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्?ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्?ट्रीय निश्शकत पेंशन, कन्?या अभिभावक पेंशन, मंद बुध्दिध, बहुविकलांग को आर्थिक सहायता, सामाजिक सुरक्षा वृध्?दावस्?था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा परित्?ये ?ता पेंशन, सामाजिक सुरक्षा निश्शे ?त पेंशन, दिव्?यांग शिक्षा प्रोत्?साहन सहायता राशि, मु ?यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्?याणी पेंशन योजना, मु ?यमंत्री अविवाहित पेंशन योजना का लाभ लेने वाले समस्?त पेंशन हितग्राहियों की समग्र आईडी से आधार ई-केवायसी कराना अनिवार्य है।

मु ?य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी ने सभी ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायको को ग्राम पंचायतों में ही शिविर लगाकर पेंशन हितग्राहियों की आधार ई.केवायसी करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही पेंशन हितग्राहियों से अपील की गयी है कि सचिव एवं रोजगार सहायक से संपर्क कर यथाशीघ्र समग्र आईडी में आधार की केवायसी कराये ताकि समय पर पेंशन की राशि मिल सके।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में स्व. कैलाश जोशी को दी श्रद्धांजलि

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मु यमंत्री स्व. कैलाश जोशी की जयंती पर प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धेय स्व. कैलाश जोशी जी का पुण्य स्मरण किया।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन, पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ राघवेंद्र सिंह, सिरोंज विधायक श्री उमाकांत शर्मा, श्रीमती साधना स्थापक, श्री केपी भदौरिया, श्री कृष्ण गोपाल पाठक एवं श्री संदीप कुलस्ते सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. कैलाश जोशी जी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

जिलास्तरीय स्वरोजगार 22 जुलाई को

सिवनी यशोः- शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में जिलास्तर पर प्रतिमाह स्वरोजगार / रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार 22 जुलाई 23 को प्रातः 11ः00 बजे से जनपद पंचायत सिवनी सभाकक्ष में एक दिवसीय जिलास्तरीय रोजगार / स्वरोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन के संबधित विभागों की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ वितरित किए जाएंगे।

खंबा की वजह से किसी दिन हो सकता है बड़ा हादसा

सिवनी यशोः- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कहानी में बिल्कुल अस्पताल के बाजू में लगा हुआ बिजली का खंबा किसी दिन कोई ना कोई अनहोनी कर सकता है..अस्पताल प्रबंधन द्वारा विद्युत विभाग को दो बार लिखित में शिकायत की गई कि उक्त खंबे की वजह से एंबुलेंस अस्पताल नहीं पहुंच पाती..उक्त खंबे की वजह से गंभीर मरीजों को दूर तक भटकना पड़ता है...बीच में ही विद्युत विभाग द्वारा स्थापित या खंभा अस्पताल आने वाले मरीजों के लिए हादसे का सबब बना हुआ है..बताया जाता है कि इस खंभे से झूलते लटकते बिजली के तार कभी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं...वही यह विद्युत खंभा जर्जर होकर एक तरफ झुक गया है अगर किसी दिन कोई हादसा या अनहोनी होती है तो उसकी पूर्ण जि मेदारी विद्युत विभाग घंसौर की होगी. उक्त खंबे की वजह से गंभीर मरीजों को दूर तक भटकना पड़ता ह

फाईल फोटो

भारत के विश्वगुरु बनने की राह में मील का पत्थर साबित होगा प्रधानमंत्री जी का फ्रांस दौराः विष्णुदत्त शर्मा

प्रधानमंत्री मोदी जी को फ्रांस का सर्वोच्च स मान मिलने पर प्रदेश अध्यक्ष ने दी प्रदेशवासियों को बधाई

भोपाल। वैश्विक समुदाय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता विश्व पटल पर भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है। फ्रांस के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को फ्रांस के सर्वोच्च स मान से अलंकृत किया है। वहीं, भारत और फ्रांस के बीच कई ऐसे समझौते होने जा रहे हैं, जो भारत को 5 ट्रिलियन इकॉनॉमी बनाने के साथ-साथ उसे विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करने की राह में मील का पत्थर साबित होंगे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के फ्रांस दौरे को उनकी सफलतम विदेश यात्राओं में से एक बताते हुए कही।

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को फ्रांस का सर्वोच्च स मान ''द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर'' से स मानित किया गया है और वे यह स मान पाने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। आज प्रधानमंत्री जी फ्रांस के नेशनल डे समारोह के मु य अतिथि होंगे। यह देश-प्रदेश के नागरिकों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है, जिसके लिए मैं सभी को बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि फ्रांस में तमिल कवि और संत तिरुवल्लुवर की प्रतिमा स्थापित किए जाने का निर्णय उन दलों और नेताओं के लिए जवाब है, जो भारतीय जनता पार्टी को भाषावाद या क्षेत्रवाद के चश्मे से देखते हैं। वहीं, जिस गर्मजोशी के साथ फ्रांस में रह रहे सभी जातियों, धर्मों और भाषाओं वाले भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया है, उससे यह साबित हो गया है कि विपक्षी दलों द्वारा अपने राजनीतिक लाभ के लिए देश में जो विभाजनकारी प्रोपेगंडा चलाया जा रहा है, दुनिया ने उसे नकार दिया है। उन्होंने कहा कि फ्रांस में भारतीय यूपीआई के चलन की स्वीकृति यह संकेत दे रही है कि वह दिन दूर नहीं, जब सारी दुनिया में भारत का सिक्का चलेगा। श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय छात्रों को फ्रांस में 5 साल का लांग टर्म पोस्ट स्टडी वीजा दिये जाने का निर्णय उन छात्रों के लिए खुशखबरी की तरह है, जो मास्टर्स डिग्री या उच्च शिक्षा के लिए फ्रांस जाना चाहते हैं।

छिन्दा-पिंडरई मार्ग की पुलिया बही, यातायात बंद

सिवनी यशोः- जिले के केवलारी विकासखंड के ग्राम मालहनवाड़ा की पुलिया निर्माण ठेकेदार के द्वारा समय सीमा में नहीं बनने के कारण इस मार्ग से आना जाना बंद है।

स्कूल कालेज अस्पताल आने जाने में भरी परेशानी हो रही वही पिछले वर्ष नैनपुर थावर पुल टूटने से छिन्दा पिंडरई मार्ग से मंडला आना जाना होता था, परंतु ठेकेदार की लापरवाही से पुलिया मालहनवाड़ा की समय पर नहीं बनी और आज आम जनता को इसका खामियाजा भोगना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि डायवर्षन तत्काल बनाया जावे। जिससे यातायात चालू हो सके और पुलिया गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में बनाया जावे को जिला प्रशासन से मांग की है।

विधायक द्वारा ग्राम खमरिया मे आयोजित नेत्र शिविर संपन्न

सिवनी यशोः- सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा ग्राम खमरिया (मोहगांव) मे आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न हुआ।

साांई नेत्रा आई केयर संस्थान सिवनी एवं सक्षम भारत संस्था दादा वीरेंद्र पुरी आई हास्पिटल जबलपुर के माध्यम से विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा विधानसभा क्षेत्र सिवनी के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में नेत्र रोगियों के उपचार हेतु आयोजित निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के अंतर्गत आज ग्राम खमरिया (मोहगांव) में शिविर प्रातः 10ः00 बजे से दोपहर 03ः00 बजे तक ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसमे शिविर का शुभारंभ श्री परसराम सनोडिया जी जनपद सदस्य एवं कमलेश पटेल जी सरपंच के करकमलों से मां सरस्वती जी का पूजन व छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डा. योगेन्द्र पटेल द्वारा अनेक नेत्र रोगियों की जांच की जाकर 13 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इस दौरान बडी सं या मे ग्राम के लोगों शिविर का लाभ लेते हुए जांच करवाया। इस अवसर पर सर्वश्री सतीश दुबे जी, अजय साहू जी, देवेन्द्र बघेल जी उपसरपंच, नेमीचंद सनोडिया जी, नमन साहू जी, शेरु माल्या जी, नेवरलाल सनोडिया जी, दिनेश सनोडिया जी सहायक सचिव, गुलाब चक्रवर्ती जी, चंदन सनोडिया जी, कोदूप्रसाद सनोडिया जी, जीतसिंह सनोडिया जी, सुंदरलाल यादव जी, रामसिंह उईके जी सहित अनेकों लोगों की उपस्थिति रही।

सचिव की मर्जी से खुलता है ग्राम पंचायत अलोनिया का ताला

बंडोल/सिवनी यशोः- जनपद पंचायत सिवनी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अलोनिया इन दिनों सुर्खियों में है अलोनिया ग्राम पंचायत के अंतर्गत झिलमिली, बोरिया ग्राम भी इस पंचायत में आते हैं अलोनिया सहित आने वाले ग्रामो के हितग्राहियों को लोगों को शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं व अन्य कर्यो का काम करवाने के लिए आए दिन चक्कर काटने पड़ रहे है ग्राम पंचायत में आए दिन ताला लगा रहता है जिससे ग्रामीणों को वापस लौटना पड़ता है, गत 12 जुलाई 23 को भी काफी सं या में ग्रामीण हितग्राही लोग ग्राम पंचायत भवन पहुंचे उस वक्त भी सचिव से संपर्क किया गया लेकिन सचिव द्वारा आनन-फानन की बात करते हुए पंचायत भवन नहीं पहुंचे अब तो हाल यह है कि ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के साथ-साथ सरपंच उपसरपंच सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक भी ग्राम पंचायत अलोनिया के ताला खुलने का इंतजार करते हैं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अलोनिया के सचिव सतीश राजपूत की जनपद पंचायत सिवनी में अधिकारियों /कर्मचारियों के संरक्षण होने के कारण उसके हौसले बुलंद है लोगों को यह भी कहते हैं कि जहां लगे वहां मेरी शिकायत कर दो, मेरा कुछ नहीं होगा जनपद से लेकर जिला पंचायत तक अधिकारियों के मेरे संबंध अच्छे हैं

ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत अलोनिया के सरपंच व ग्राम के गणमान्य नागरिकों द्वारा जिला के संवेदनशील कले टर महोदय क्षितिज सिंघल जी से जन अपेक्षा है कि ग्राम पंचायत अलोनिया के सचिव सतीश राजपूत पर उचित जांच कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए

आयुष मंत्री कावरे ने दिलाई लामता कॉलेज को एमए-एमएससी की सौगात

बालाघाट। केबिनेट की बैठक मे आयुष एवं जल संसाधन राज्यमंत्री श्री रामकिशोर 'नानो' कावरे के विधानसभा क्षेत्र परसवाड़ा को सौगात देते हुए शासकीय महाविद्यालय लामता में एम.ए. एम.एस.सी. कक्षाएं प्रारंभ किये जाने को मंजूरी प्रदान की है। लामता कालेज में एम.ए.-एस.एस.सी. कक्षाएं प्रारंभ किये जाने की खबर मिलते ही छात्र-छात्राओं एवं पालको में खुशी की लहर व्याप्त हो गई है। उन्होने आज 13 जुलाई को लामता में रैली निकाल कर एम.ए.-एस.एस.सी कक्षाओं की सौगात देने के लिए मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं आयुष मंत्री श्री रामकिशोर 'नानो' कावरे के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होने कहा कि मंत्री श्री कावरे ने जो भी वादा किया उसे निभाया है। मंत्री श्री कावरे का कार्यकाल परसवाड़ा क्षेत्र के लिए अनेको उपलब्धियों से भरा है। अब हमारे बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए मीलों सफर तय नहीं करना पड़ेगा।

मु यमंत्री श्री चौहान ने 22 फरवरी 2023 को लामता लि ट इरिगेशन के उद्घाटन के समय यह घोषणा की थी, जिसे अंजाम तक पहुंचाने में आयुष मंत्री श्री कावरे लगातार प्रयासरत रहे।मंत्री श्री कावरे अपनी सभाओं में एवं बैठकों में लगातार लामता कॉलेज के बारे में जानकारी देते रहे हैं कि फाइल कहां है उस पर ` या कार्यवाही हो रही है। लामता कॉलेज में एमए एमएससी कक्षाओं की स्वीकृति कैबिनेट के द्वारा दिए जाने पर मंत्री श्री कावरे ने कहा कि मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मेरे प्रस्ताव पर कैबिनेट में मुहर लगाई। पहले लामता के छात्र-छात्राओं को 40-50 कि.मी. दूर बालाघाट या परसवाड़ा एम.ए.-एस.एस.सी. कक्षाओं में अध्ययन करने के लिए जाना पड़ता था। अब उन्हे उच्च शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। लामता कालेज में रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान विषय में एम.एस.सी. एवं अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास भूगोल तथा हिंदी विषय में कक्षाएं संचालित होगी।लामता कालेज में स्नातकोत्तर कक्षाओं की मंजूरी मिलने पर छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली मे जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे, उपाध्?यक्ष डॉ शंकरलाल बिसेन, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री विनोद जैन, राजेश मेश्राम, लामता सरपंच हुलासमल कोचर, सहकारिता के पूर्व संचालक चित्रसेन पारधी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि गोकुल सिंह एवं बड़ी सं या में छात्र-छात्राएं तथा पालक गण उपस्थित थे। पालकों ने कहा कि अब उनके बच्चों की स्नातकोत्तर कक्षाओं की पढ़ाई की समस्या दूर हुई हो गई है। छात्र-छात्राओं ने भी कहा कि वे अब मन लगाकर पढ़ाई करेंगें और देश और माता पिता का नाम रोशन करेंगे ।लामता कॉलेज के लिए बन रहा 8 करोड़ की लागत से आधुनिक भवनशासकीय महाविद्यालय लामता के लिए 8 करोड़ रुपए की लागत से सर्व सुविधा युक्त अत्याधुनिक स्वयं का भवन बनकर तैयार हो रहा है। आधुनिक लैब और स्मार्ट ` लासरूम युक्त महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अच्छी शिक्षा उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की नींव है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं छात्रों के शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ाने में अधोसंरचना का विकास महत्वपूर्ण है। मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे के अथक प्रयासों से 25 जून 2018 लामता जैसे छोटे कस्बे में महाविद्यालय खोलने की अनुमति प्राप्त हुई। तत्कालीन व्यवस्था के तहत कॉलेज का संचालन शासकीय विद्यालय के 6 कमरों को लेकर किया जा रहा था। वर्तमान समय में लामता कालेज में 490 छात्र छात्राएं अध्ययनरत है। जिनकी पढ़ाई के लिए मात्र 6 कमरे हैं। लैब, स्टाफ रूम, कार्यालय, लाइब्रेरी, गर्ल्स कॉमन रूम जैसी जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है। जबकि शासकीय महाविद्यालय लामता में बीए एवं बीएससी कक्षाओं का संचालन होता है।भौतिक, रसायन एवं कंप्यूटर साइंस की प्रायोगिक शिक्षा के लिए लैब कक्ष की व्यवस्था नहीं है। इस मजबूरी के आलम में पढ़ने को छात्र-छात्राएं विवश थे।प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री पद का दायित्व संभालने के पश्चात ही श्री कावरे ने इस महाविद्यालय की सुध ली। मंत्री श्री कावरे ने महाविद्यालय के लिए सबसे पहले जमीन आवंटित करवाई और उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री श्री मोहन यादव से भेंट कर महाविद्यालय के लिए भवन की मांग की। यह भागीरथ प्रयास रंग लाया और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 8 करोड़ की राशि ने महाविद्यालय भवन के लिए स्वीकृत की गई। 25 अ टूबर 2021 को महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया और उसके पश्चात महाविद्यालय भवन का कार्य प्रारंभ हुआ।

वर्तमान समय में भवन का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। मंत्री श्री कावरे का कहना है की यह जिले में सर्वश्रेष्ठ भवन होगा। नए भवन में 25 कक्षो के साथ-साथ कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, गर्ल्स-बॉयस कॉमन रूम, कॉन्फ्रेंस रूम, एनएसएस-एनसीसी रुम, किचन, केंटीन एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।मंत्री श्री कावरे का कहना है कि शासन की प्राथमिकता सभी को उन्नत शिक्षा के अवसर प्रदान करना है। भविष्य की मांग को ध्यान मे रखते हुए इस भवन में 1000 छात्रों के पढने की व्यवस्था होंगी। भविष्य में कॉलेज में लि ट की व्यवस्था भी की जाएगी। महाविद्यालय में उपलब्ध होने वाली इस आधुनिक सुविधा का लाभ उठाते हुए आदिवासी बाहुल्य इस क्षेत्र का प्रत्येक युवा अपने देखे हुए सपने को पूर्ण कर राज्य एवं देश के विकास में अपना योगदान दे। मैं बालाघाट को एजुकेशन हब बनाना चाहता हूं। मंत्री श्री कावरे ने बताया कि उनके प्रयास से लामता कालेज में भोज विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र प्रारंभ करवाया गया है एवं परीक्षा केंद्र की भी सौगात दिलाई गई है।

लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लेखा प्रशिक्षण का आवेदन 21 तक आमंत्रित

मंडला यशोः- शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 1 अगस्त 2023 से प्रारंभ हो रहा है। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हो, के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। उक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र 21 जुलाई 2023 की शाम 5 बजे तक कार्यालय प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में जमा किये जा सकेंगे। उक्त प्रशिक्षण शासकीय कर्मचारियों के लिये निःशुल्क है एवं अर्धशासकीय, निगम, मंडल एवं निकाय के कर्मचारियों को म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2 हजार रूपए का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

स्वीप कार्य के सुचारू संपादन के लिए अधिकारी नियुक्त

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत स्वीप गतिविधियों के लिए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा सीईओ जिला पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। स्वीप गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए कले टर द्वारा मधुअली उपसंचालक कृषि, रोहित बड़कुल सहायक संचालक महिला बाल विकास, आशीष कोटांगले सहायक संचालक जनसंपर्क, प्रवीण श्रीवास लेखाधिकारी, हिरेन्द्र वर्मा एवं केके उपाध्याय एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र, सुखीराम झारिया परियोजना अर्थशास्त्री, सुशील धुर्वे क प्यूटर ऑपरेटर आवास योजना तथा पंकज केराम क प्यूटर ऑपरेटर एनआरएलएम को आदेशित किया गया है।

सांसद रोजगार मेला आज

केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते ने की युवाओं से सहभागिता की अपील

मंडला यशोः- केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते के निर्देशन में 15 जुलाई को भव्य सांसद रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। यह मेला 15 जुलाई 2023 को प्रातः 10 बजे सरदार पटेल कॉलेज खैरी मंडला में लगेगा। इस रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित क पनियां सहभागी होंगी जिनके माध्यम से मंडला एवं आसपास के क्षेत्र के शिक्षित युवक-युवतियों को योग्तानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते ने युवाओं से अपील की है कि ऐसे सभी शिक्षित युवक-युवतियों जो रोजगार के इच्छुक हैं वे अपना बायोडाटा, अंक सूची, आधार कार्ड, अनुभव एवं योग्यता के अन्य प्रमाण पत्र साथ लेकर आ सकते हैं।

पंचायतों में रिक्त दुकानों के लिए ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

मंडला यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 में दिए गए प्रावधान अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक उचित मूल्य दुकान संचालित किया जाना है। जिले के विकासखंड घुघरी के अंतर्गत पंचायत जिनमें उचित मूल्य दुकान पूर्व संचालक संस्थाओं के समर्पित करने के कारण रिक्त हैं। इन पंचायतों में दुकान खोलने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

अनुविभाग घुघरी के ग्राम पंचायत देवहारा, बरवानी, ढेंको, चोबा, सिंघनपुरी, दुलादर, सलवाह, चुरिया, गरैया, छिबलाटोला, मांगा, गोरखपुर, नाहरवेली, जुनवानी, टिकरिया, रा हेपुर तथा लाटो कुल 17 दुकानों के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की वेबसाईट पोर्टल पर पात्र संस्थाएँ 31 जुलाई 2023 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। दुकान आवंटन की कार्यवाही संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की जाएगी।

जिले में हुई औसत वर्षा की जानकारी

मंडला यशोः- जिले में इस वर्ष 1 जून से 13 जुलाई 2023 के दौरान 449.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 306.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 143.3 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को बिछिया में 4.3 मि.मी. तथा घुघरी में 1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 13 जुलाई 2023 को 0.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

मोहगांव प्रोजे ट में 2007 के विनियमितीकरण की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की सडांध

भर्ती करने के लिये मस्टर रोल से की गई छेड़छाड़ स्थापना शाखा पे लगा पैसो के लेन-देन का आरोप

मंडला यशोः- वन विभाग के मोहगांव प्रोजे ट में दस्तावेजों से छेडछाड कर फर्जी तरीके से कुछ व्यक्तियों को विनियमति करण का लाभ दिया गया है और इस प्रक्रिया में भारी लेने देन होने की चर्चाएँ है। हालांकि मंडला ज़िले मे वन विभाग मे घोटालो के आरोप लगना कोई नयी बात नहीं है यहाँ आये दिन किसी न किसी प्रकार के घोटाले सामने आते रहते है। वर्तमान मे मंडला मे स्थित मोहगाव प्रोजे ट मे दस्तावेजो से छेड़छाड़ करने और फर्जी तरीके से कर्मचारियों की भर्ती का मामला व्यापक चर्चा में है और इस संबंध में जि मेदार सूचना के अधिकार के तहत भी आवेदक को दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा रहे है।

यह महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विभाग को वर्ष 2007 से कार्यरत कर्मचारियो के विनियमतिकरण के आदेश दिये गये थे। जिसकी प्रक्रिया वर्ष 2021 - 2022 मे की गई। इसमे वर्ष 2007 से कार्यरत कई कर्मचारियो को विनियमित का लाभ दिया गया वहीं इसकी आड़ में विभाग के जि मेदारों ने फर्जी तरीके से भर्तियाँ भी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस नियमितीकरण की प्रक्रिया मे ऐसे व्यक्तियों का भी चयन हो गया जो 2007 से कार्यरत नहीं है। इसमे मस्टर रोल से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी मृत कर्मचारी के मस्टर रोल मे छेड़छाड़ कर उसकी जगह किसी दूसरे कर्मचारी का मस्टर रोल लगाया गया ताकि ये दिखाया जा सके की दूसरा कर्मचारी वर्ष 2007 से कार्यरत है।

या है मामला....

. दरअसल मामला कुछ इस प्रकार है बसोर गोंड पिता सीताराम ग्राम तुरुर और अशोक यादव पिता सीताराम यादव ग्राम पाण्डिवरा से संबंधित है। इसमे बसोर गोंड वह व्यक्ति है जो वर्ष 2007 से कार्यरत है पर इसकी मृत्यु हो चुकी है और अशोक यादव जो अभी वर्तमान मे कार्यरत है। अब चूकि दोनों के पिता का नाम एक ही है और बसोर गोंड की मृत्यु हो चुकी है उसी का फायदा उठा कर बसोर गोंड के मस्टर रोल मे छेड़छाड़ करके नाम बदल कर अशोक यादव का नाम डाल दिया गया और फर्जी तरीके से अशोक यादव की नौकरी प्रदान कर दी गई है। इसकी सत्यता की जांच के लिये जब सूचना के अधिकार से जानकारी विभाग से एक व्यक्ति ने जानकारी माँगी तो विभाग द्वारा यह बताया गया की बसोर गोंड की मृत्यु हो चुकी है और अशोक यादव ने अपने मस्टर रेल देने मे सहमति नहीं दी है। इस प्रकार का जबाव लिखित रूप मे विभाग ने प्रदान किया है।

इस प्रकार के जबाव से विभाग द्वारा की गयी विनियमतिकरण की प्रक्रिया पर संदेह होता है और स्पष्ट प्रतीत होता है कि वन के जि मेदार अधिकारी तथ्यों को छुपाने का प्रयास कर रहे है। बताया गया है कि. विनियमतिकरण की प्रक्रिया के लिये एक कमेटी का गठन किया गया था उसी कमेटी के द्वारा ही सारे कर्मचारियो का चयन किया गया था तो ज़ाहिर सी बात है कि चयन प्रक्रिया की कार्यवाही में ततकानीन अधिकारियों की सांठ गाँठ रही होगी।। कोर्ट ने छोटे कर्मचारियों के हित में निर्णय दिया परंतु अधिकारियों ने उसमें भी अपने हितों के कारण भ्रष्टाचार की सडांध फैला दी।

परसवाडा के साप्ताहिक बाजार में 30 किलोग्राम मेजर कार्प एवं 50 किलोग्राम थाईलैण्ड मांगूर मछली की गई जब्त

बालाघाट यशोः- मछलियों का प्रजनन काल होने के कारण 16 जून से 15 अगस्त 2023 तक की अवधि के लिए जिले में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसी कड़ी में 12 जुलाई को मत्स्य उद्योग विभाग के अधिकारियों की टीम ने ने सल प्रभावित क्षेत्र परसवाडा विकासखण्ड परसवाडा के साप्ताहिक बाजार में 2900 रुपये की 30 किलोग्राम मेजर कार्प मछली एवं 50 किलोग्राम थाईलैण्ड मांगूर मछली जब?त की है।उप संचालक मत्स्योद्योग श्रीमती शशिप्रभा धुर्वे के मार्गदर्शन में गठित टीम दल प्रभारी श्रीमती मीना कोकोटे, सहायक मत्स्य अधिकारी, श्रीमती वैशाली मेश्राम मत्स्य निरीक्षक, राजकुमार सिंह सहायक ग्रेड-2, एवं प्रवीण मानकर द्वारा दिनांक 12 जुलाई 2023 को परसवाडा बाजार में कार्यवाही कर अवैध रूप से विक्रय की जा रही मछली जब्त कर पंचनामा कार्यवाही की गई है। परसवाडा के बाजार में आज की कार्यवाही में बिक रही 30 किलोग्राम मछलियों को जब्त कर उसकी नीलामी की गई है और नीलामी से प्राप्त 2900 रुपये की राशि शासन के खाते में जमा कराई गई है। 50 किलोग्राम थाईलैंड मांगूर प्रजाति की मछली जब्त की गई है और इन मछलियों को गड्ढा खोदकर नष्ट करा दिया गया है।

अनुसूचित जनजाति के किसानों को रागी के बीज मिनीकिट

बालाघाट यशोः- कृषि विभाग द्वारा जिले के आदिवासी बाहुल्य दूरस्थ ग्रामों के किसानों को मिलेट मिशन के अंतर्गत मोटे अनाजों के बीज मिनीकिट का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 13 जुलाई को विकासखंड परसवाड़ा के ग्राम कोरजा, गरारीरबहेरा, सांडा, मजगांव आदि ग्रामो के बैगा कृषक एवं अनुसूचित जनजाति के कृषको निःशुल्क रागी (मढिया) के बीज मिनीकिट का वितरण किया गया। उपसंचालक कृषि राजेश खोब्रागड़े ने बताया कि किसानों को बीज मिनीकिट वितरण के साथ ही रागी के अधिक उत्पादन के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया।

जनता ने तार चोरी के आरोपीयों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

कई सालों से चुरा रहे थे तार, ग्रामीणों ने लगाएं पुलिस पर लगायें नाकामी के आरोप

बरघाट यशोः- बरघाट के समीपस्थ ग्राम खुर्सीपार जंगल में केबल तार जलाते हुए 3 आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया, बताया जाता है कि आरोपी लगातार क्षेत्र में नलकूपों में डली मोटरों के केवल तार निकालकर उसे चुराते थे, फिर उसके केवल को जलाकर उसके अंदर के ऐल्युमिनियम को बेच देते थे, क्षेत्र में सैकड़ों घटनाओं के बाद किसानों में भारी आक्रोश था, कई बार थाने में शिकायत करने के बाद भी आज तक आरोपियों को नहीं पकड़ा जा सका था, आज सुबह जब आरोपी लोग तार चुराकर उसे जला रहे थे तभी धुआं निकलते देख ग्रामीणों ने की नजर पड़ी और फिर उनसे पूछताछ की तो उन्हें चोरी के मामले के बारे में जानकारी लगी, जिसके बाद ग्रामीणों ने इन चोरों की जमकर पिटाई कर पुलिस को बुलाकर आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द किया। आरोपी विनोद गेडाम मंगलीपेठ निवासी जो खुर्सीपार गांव में भी निवास करते हैं, उसका साला मनोज मेश्राम जो बालीवाडा डूडासिवनी थाने में निवास करता है, अनिल भलावी आमाझरिया थाना डूडासिवनी के विरुद्ध चोरी मामला पंजीबद्ध किया गया है।

सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़कर मामला पंजीबद्ध कर लगभग 500 मीटर तार जप्त किया गया है। उनके खिलाफ पूर्व में भी प्रकरण दर्ज है। शशिकांत सरैयाम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट

3 से 10 अगस्त के मध्य मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा निर्वाचक नामावली का वाचन

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार 2 अगस्त 23 को निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया जाना है। आयोग के निर्देशानुसार जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी को उसके मतदान केन्द्र की एकीकृत नामावली उपलब्ध कराई जायेगी। बूथ लेवल अधिकारी निर्धारित अवधि में दावे /आपत्ति प्राप्त करेंगे। से टर अधिकारी द्वारा 3 अगस्त 2023 से 10 अगस्त 2023 के मध्य मतदान केन्द्रों पर संबंधित बीएलओ की उपस्थिति में उन्हें आवंटित निर्वाचक नामावली का वाचन करेंगे।

अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी.एल. चनाप ने निर्देशित किया है कि निर्वाचक नामावली वाचन के दौरान क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा मतदाता उपस्थित हों। इस हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मतदान केन्द्रों में 5 जनवरी 2023 से आज दिनांक तक निरसित (delete) किये गये मतदाताओं के संबंध में से टर ऑफिसर के माध्यम से सत्यापन कराया जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी मतदाता का नाम त्रुटिवश निरसित (delete) हो गया है तो उस संबंध में पूर्ण परीक्षण उपरांत नाम जोड़ने की नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

जप्त वाहनों के तय समय सीमा में स्वामित्व प्रस्तुत न करने पर की जाएगी नीलामी

सिवनी यशोः- थाना प्रभारी उगली तहसील केवलारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न प्रकरणों में धारा 25 पुलिस ऐ ट में जप्तशुदा विभिन्न कंपनियों के 09 नग दोपाहिया वाहन जर्जर एवं कबाड़ स्थिति में पुलिस चौकी उगली प्रांगण में रखे हुए हैं। उक्त वाहन 25 पुलिस ऐ ट अंतर्गत जप्त किए गए हैं, वाहनों के स्वामित्व धारकों को आम इस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि 24 जुलाई 23 तक पुलिस थाना उगली में मूल दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार अथवा कोई विचार नहीं की जाएगा तथा वाहनों की नीलामी निस्पादित की जाएगी।

सहायक कले टर ने दिलाई चिकित्सकों को ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन की शपथ

मंडला यशोः- जिला चिकित्सालय मंडला में सहायक कले टर अर्थ जैन के नेतृत्व में सभी विशेषज्ञों एवं चिकित्सा अधिकारियों ने अपने चिकित्सकीय पेशा के अनुरूप मानव जीवन के प्रति मान्वीय रहते हुए बिना भेदभाव के ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन हेतु शपथ ली। इस अवसर पर मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन डॉ. विजय सिंह धुर्वे, विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

टीबी मु त अभियान के लिए लामता में सरपंच सचिवों की हुई कार्यशाला

बालाघाट यशोः- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीबी मु त भारत अभियान के अंतर्गत 13 जुलाई को लामता के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सरपंच सचिवों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडेय के निर्देशन में एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ टर परेश उपलव और खण्ड चिकिसा अधिकारी डॉ. थैलेश गोपाले के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में लामता क्षेत्र के समस्त सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे। प्रशिक्षण में जिला डीटीसी बालाघाट से उपस्थित त्रिलोक पारधी एसटीएस द्वारा प्रधानमंत्री श्री मोदी की अवधारणा से अवगत कराते हुये भारत को 2025 तक टी बी मुक्त करने के संकल्प को परिलक्षित करने समस्त सरपंच एवं सचिव रोजगार सहायक को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कैसे किया जाये इस पर विस्तार से जानकारी दी गई। उक्त कार्यशाला में प्रभारी एसटीएस डीपी भोयर अन्य स्वास्थ कर्मचारी उपस्थित रहे।

गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल

शासकीय शिक्षक श्याम बैरागी के लिखे ये गीत की धूम बालीबुड तक छाई है

मंडला यशोः- यह गीत सुनकर भेड़िया भी चौकस हो गया, उसके कान खड़े हो गए और वह अपने ठीहे से निकलकर भोजन करने निकल पड़ा। यह कोई मजाक नहीं, बल्कि आदिवासी बाहुल्य जिले मंडला के एक छोटे से कस्बे के शासकीय शिक्षक श्याम बैरागी के लिखे गीत की धूम है। जो देहात से लेकर बालीवुड तक छाई हुई है। बालीवुड के वरुण धवन की फिल्म भेड़िया में जब यह गीत सुनाई पड़ता है तो फिल्म में भेड़िया भी चौकन्ना हो जाता है, उसके कान खड़े हो जाते हैं और वह यह समझ जाता है कि जिस दिशा से यह आवाज आ रही है यानी उस दिशा में लोग घर से कचरा लेकर बाहर निकल पड़े होंगे, जो उसका भोजन है और वह भेड़िया गीत बजने की दिशा में अपने कदम बढ़ा देता है।

बालीवुड में इस गीत को इसी तरह के सीन में दर्शाया गया है।

गांव से लेकर कस्बे तक और नगरीय वार्ड से लेकर महानगरों तक जिस गली से नगर पालिका की कचरा गाड़ी निकलती है तो उसमें बजाए जा रहे इस गीत को सुनकर हर घर से लोग कचरा लेकर निकलते हैं और नगर पालिका की गाड़ी में कचरा डालकर अपने क्षेत्र की स्वच्छता को बनाए रखने में अपनी सहभागिता दर्ज कर रहे हैं। यह है इस गीत की लोकप्रियता जिसके गीतकार और गायक हैं मंडला जिले के सुरंगदेवरी गांव की शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक श्याम बैरागी। श्याम बैरागी गीतकार और गायक के रूप में सिर्फ मंडला जिले में ही नहीं, मध्य प्रदेश के दायरे से बाहर निकलकर देश के अधिकांश राज्यों में अपने गीत की लोकप्रियता के कारण पहचाने जाते हैं।

श्रमोदय आई.टी.आई. में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

मंडला यशोः- श्रमोदय आई.टी.आई. में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है जिसमें निर्माण श्रमिकों के पुत्र व पुत्रियाँ उपरोक्त परीक्षा में स मिलित होने हेतु आवेदक 14 जुलाई 2023 से स्वयं पोर्टल के माध्यम से अथवा ऑनलाईन सहायता केन्द्रों पद के माध्यम से श्रमोदय आई.टी.आई. में प्रवेश के लिये आवेदन कर सकते हैं। उक्त संबंध में अधिक जानकारी क्रिस्प की वेबसाइट पर भी अपलोड की जा चुकी है।

मंडला पुलिस द्वारा करीब 7 लाख कीमत के 52 गुम मोबाइल आवेदको को वापस लौटाये

मंडला यशोः- मोबाइल फोन वर्तमान में लोगो के जीवन की बहुउपयोगी वस्तु हो गई है, ऐसे में जब किसी का मोबाइल गुम होता है तो अचानक मोबाइल गुमने के कारण लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

जिले के साइबर सेल मंडला में कई दिनों से मोबाइल गुमने संबंधी शिकायतें मिल रही थी। मोबाइल गुमने संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी मंडला के मार्गदर्शन में साइबर सेल की टीम द्वारा गुम मोबाइलों को सर्च कर उनका पता लगाकर विभिन्न कंपनियों के कुल 52 मोबाइल बरामद किये है। जिनकी अनुमानित कीमत 7 लाख रूपये है। पुलिस द्वारा उक्त मोबाईल को पुलिस द्वारा नागपुर, जबलपुर, डिंडौरी तथा मंडला के विभिन्न स्थानों से बरामद किये गये हैं।

उक्त समस्त कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला अश्विनी कुमार, डीएसपी राहूल कटरे के नेतृत्व में थाना प्रभारी नैनपुर दुर्गा नगपुरे, थाना प्रभारी कोतवाली जसवंत सिंह राजपूत, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक गोविन्द सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी अंजनिया उप निरीक्षक पंकज विश्वकर्मा, प्रआर पुरन इडपांचे, प्रआर शेख समद, आर. पुनित जंघेला, आर. हटौले, सूर्यचन्द बघेले, केशव थाना, आशिष, अमित गरयार, अंकित ठाकुर, संतराम थाना कोतवाली, आर0 दुर्गेश लिल्हारे थाना नैनपुर, इसरार खान कोतवाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अपना खोया हुआ मोबाईल की सूचना दर्ज कराये

दूरसंचार विभाग भारत सरकार द्वारा सीईआइआर पोर्टल (ceir.sancharsaathi.gov.in) लॉन्च किया गया है। जिसके माध्यम से मोबाइल गुमने से संबंधी कंप्लेंट की जा सकती है।

एसपी ने किया असली हीरो का स मान

थाना ब हनी के मामले में ग्राम मानिकपुर चौकी अंजनिया के श्री रामचन्द्र यादव एवं श्री प्रवेश बैगा द्वारा रात को अपने घर जाते समय रोने की आवाज सुनकर, रोने की आवाज आने वाले स्थान पर जाकर नाबालिक पीडिता को आरोपी के चंगुल से सुरक्षित बचाया साथ ही आरोपी को पकडवाने में अत्यंत बहादुरी एवं साहस का कार्य किया है। मंडला पुलिस द्वारा साहसिक कार्य को स मानित करने के लिए उक्त दोनो को ÷असली हीरो÷* के स मान से स मानित किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बीझांवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297